www.sakshieducation.com

# PAPER-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________
(In words)

**S 2 0 1 3**

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **8** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

# हिन्दी

**प्रश्नपत्र – II**

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** अपभ्रंश को 'प्राकृताभास' हिन्दी किसने कहा है ?
(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**2.** 'हिन्दी काव्यधारा' के सम्पादक हैं
(A) राहुल सांकृत्यायन
(B) पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल
(C) श्री रामशर्मा
(D) रामचन्द्र शुक्ल

**3.** 'हबकि न बोलिबा ठबकि न चलिबा । धीरे धरिबा पावँ ।' पंक्ति है
(A) मत्स्येन्द्रनाथ
(B) गोरखनाथ
(C) जालंधरनाथ
(D) निवृत्तनाथ

**4.** 'अस्त्रीय जनम कांइ दीधउ महेस । अवर जनम थारइ घणा रे नरेश' पंक्ति का संबंध किस कृति से है ?
(A) पृथ्वीराज रासो
(B) विजयपाल रासो
(C) बीसलदेव रासो
(D) आल्ह खंड

**5.** 'कबीर की उक्तियों में कहीं-कहीं विलक्षण प्रभाव और चमत्कार है ।' यह कथन है
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) धर्मवीर
(D) श्यामसुंदर दास

**6.** 'जेइ मुख देखा तेइ हँसा सुनि तेहि आयउ आँसु' पंक्ति भक्तिकाल के किस कवि के बारे में है ?
(A) कबीर
(B) जायसी
(C) सूरदास
(D) तुलसीदास

**7.** 'कलि कुटिल जीव निस्तार हित बाल्मीकि तुलसी भयो' कथन है
(A) रामचरण दास
(B) नाभादास
(C) रघुवर दास
(D) हरिराम व्यास

**8.** 'अष्टछाप' के संस्थापक इनमें से कौन हैं ?
(A) वल्लभाचार्य
(B) गोकुलनाथ
(C) विट्ठलनाथ
(D) निम्बार्काचार्य

**9.** 'खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि बनिक को न बनिज न चाकर को चाकरी' पंक्ति तुलसी की किस कृति से संबद्ध है ?
(A) रामचरित मानस
(B) कवितावली
(C) विनयपत्रिका
(D) गीतावली

**10.** 'जहाँगीर-जस-चन्द्रिका' रचना किसकी है ?
(A) केशवदास
(B) मतिराम
(C) भूषण
(D) देव

**11.** 'ब्रजभाषा हेत ब्रजवास ही न अनुमानो' कथन रीतिकाल के किस कवि का है ?
(A) केशवदास
(B) कालिदास त्रिवेदी
(C) भिखारीदास
(D) पद्माकर

**12.** 'देव की ध्वनि संवेदनशीलता समूचे रीतिकाल में अप्रतिम है' – कथन है
(A) नगेन्द्र
(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) बच्चन सिंह
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

13. हिन्दी के बारे में यह कथन किसका है कि – 'रस्मोरिवाज भाषा का दुनिया से उठ गया' ?
(A) लल्लूलाल
(B) सदल मिश्र
(C) इंशा अल्ला खाँ
(D) मुंशी सदासुख

14. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक भारतेंदु द्वारा अंग्रेजी से अनूदित है ?
(A) विद्यासुंदर
(B) पाखंड-विडंबन
(C) मुद्राराक्षस
(D) दुर्लभ बंधु

15. 'उपन्यास मासिक पुस्तक' का प्रकाशन किस सन् से शुरू हुआ ?
(A) सन् 1901
(B) सन् 1905
(C) सन् 1907
(D) सन् 1910

16. 'सम्पत्तिशास्त्र की भूमिका' लेख किस पत्रिका में छपा था ?
(A) हिन्दी प्रदीप
(B) सरस्वती
(C) ब्राह्मण
(D) बिहार बंधु

17. 'भारत भारती' लिखने में उर्दू के किस ग्रंथ की प्रेरणा थी ?
(A) गुल-ए-नगमा
(B) दीवान-ए-मीर
(C) दीवान-ए-गालिब
(D) मुसद्दसे-हाली

18. 'छायावाद' स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है – यह स्थापना किसकी है ?
(A) नंददुलारे वाजपेयी
(B) नगेन्द्र
(C) रामविलास शर्मा
(D) नामवर सिंह

19. 'प्रेम का पयोधि तो उमड़ता है । सदा ही निस्सीम भू पर' यह पंक्ति किस छायावादी कवि की है ?
(A) प्रसाद
(B) पंत
(C) निराला
(D) महादेवी वर्मा

20. 'प्राचीन भारत के भाषा परिवार और हिन्दी' किस आलोचक का ग्रंथ है ?
(A) रामविलास शर्मा
(B) धीरेन्द्र शर्मा
(C) रामकुमार वर्मा
(D) शिवकुमार मिश्र

21. नागार्जुन के उपन्यासों का सही कालानुक्रम है
(A) बलचनमा, रतिनाथ की चाची, कुंभीपाक, वरुण के बेटे
(B) रतिनाथ की चाची, बलचनमा, वरुण के बेटे, कुम्भीपाक
(C) रतिनाथ की चाची, कुंभीपाक, बलचनमा, वरुण के बेटे
(D) वरुण के बेटे, बलचनमा, कुंभीपाक, रतिनाथ की चाची

22. जीवनकाल की दृष्टि से निम्नलिखित नाटककारों का सही क्रम है :
(A) मोहन राकेश, भुवनेश्वर, सुरेन्द्र वर्मा, मीराकांत
(B) मोहन राकेश, सुरेन्द्र वर्मा, भुवनेश्वर, मीराकांत
(C) भुवनेश्वर, मोहन राकेश, सुरेन्द्र वर्मा, मीराकांत
(D) मीराकांत, मोहन राकेश, सुरेन्द्र वर्मा, भुवनेश्वर

23. हिन्दी के मार्क्सवादी आलोचकों का सही कालानुक्रम है :
(A) रामविलास शर्मा, शिवदान सिंह चौहान, नामवर सिंह, अमृतराय
(B) अमृतराय, शिवदान सिंह चौहान, रामविलास शर्मा, नामवर सिंह
(C) शिवदान सिंह चौहान, अमृतराय, रामविलास शर्मा, नामवर सिंह
(D) शिवदान सिंह चौहान, रामविलास शर्मा, अमृतराय, नामवर सिंह

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**24.** निम्नलिखित आत्मकथाओं का सही कालानुक्रम कौन सा है ?

(A) लगता नहीं है दिल मेरा, कस्तूरी कुंडल बसै, हादसे, शिकंजे का दर्द

(B) कस्तूरी कुंडल बसै, हादसे, शिकंजे का दर्द, लगता नहीं है दिल मेरा

(C) शिकंजे का दर्द, हादसे, कस्तूरी कुंडल बसै, लगता नहीं है दिल मेरा

(D) हादसे, शिकंजे का दर्द, कस्तूरी कुंडल बसै, लगता नहीं है दिल मेरा

**25.** निम्नलिखित यात्रा-वृतान्तों का प्रकाशन की दृष्टि से सही अनुक्रम है :

(A) पैरों में पंख बाँधकर, मेरी तिब्बत यात्रा, एक बूँद सहसा उछली, चीड़ों पर चाँदनी

(B) मेरी तिब्बत यात्रा, पैरों में पंख बाँधकर, एक बूँद सहसा उछली, चीड़ों पर चाँदनी

(C) चीड़ों पर चाँदनी, मेरी तिब्बत यात्रा, एक बूँद सहसा उछली, पैरों में पंख बाँधकर

(D) मेरी तिब्बत यात्रा, चीड़ों पर चाँदनी, पैरों में पंख बाँधकर, एक बूँद सहसा उछली

**26.** निम्नलिखित संस्मरण-कृतियों का सही कालानुक्रम कौन सा है ?

(A) हम हशमत, काशी का अस्सी, तुम्हारा परसाई, लौट आ ओ धार

(B) लौट आ ओ धार, काशी का अस्सी, हम हशमत, तुम्हारा परसाई

(C) काशी का अस्सी, लौट आ ओ धार, तुम्हारा परसाई, हम हशमत

(D) लौट आ ओ धार, हम हशमत, काशी का अस्सी, तुम्हारा परसाई

**27.** निम्नलिखित उपन्यासों का सही कालानुक्रम है :

(A) परीक्षागुरु, नूतन ब्रह्मचारी, निस्सहाय हिन्दू, चन्द्रकांता

(B) चन्द्रकांता, नूतन ब्रह्मचारी, परीक्षागुरु, निस्सहाय हिन्दू

(C) निस्सहाय हिन्दू, परीक्षागुरु, नूतन ब्रह्मचारी, चन्द्रकांता

(D) नूतन ब्रह्मचारी, परीक्षागुरु, चन्द्रकांता, निस्सहाय हिन्दू

**28.** निम्नलिखित संस्कृत आचार्यों का सही कालानुक्रम कौन सा है ?

(A) मम्मट, दण्डी, विश्वनाथ, जयदेव

(B) दण्डी, जयदेव, विश्वनाथ, मम्मट

(C) दण्डी, मम्मट, जयदेव, विश्वनाथ

(D) जयदेव, मम्मट, दण्डी, विश्वनाथ

**29.** निम्नलिखित पाश्चात्यवादों का सही कालानुक्रम है :

(A) संरचनावाद, मार्क्सवाद, अस्तित्ववाद, स्वच्छंदतावाद

(B) स्वच्छंदतावाद, मार्क्सवाद, अस्तित्ववाद, संरचनावाद

(C) मार्क्सवाद, स्वच्छंदतावाद, संरचनावाद, अस्तित्ववाद

(D) स्वच्छंदतावाद, अस्तित्ववाद, मार्क्सवाद, संरचनावाद

**30.** निम्नलिखित हिन्दी काव्यशास्त्रीय कृतियों का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) काव्यविवेक, भाषाभूषण, रसराज, काव्यरसायन

(B) भाषाभूषण, काव्यविवेक, रसराज, काव्यरसायन

(C) काव्यरसायन, काव्यविवेक, भाषाभूषण, रसराज

(D) रसराज, भाषाभूषण, काव्यविवेक, काव्यरसायन

**31.** निम्नलिखित अलंकारों को उनके वर्ग के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) उत्प्रेक्षा | (i) विरोध गर्भ |
| (b) वक्रोक्ति | (ii) औपम्यगर्भ |
| (c) विशेषोक्ति | (iii) सादृश्यमूलक |
| (d) श्लेष | (iv) गूढ़ार्थ प्रतीतिमूलक |
| | (v) न्यायमूलक |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**32.** निम्नलिखित विशेषताओं को उनके वादों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) प्रकृति और प्राचीन यूनानी ग्रंथों का अनुकरण | (i) अस्तित्ववाद |
| (b) बाह्य यथार्थ से व्यक्तिगत अनुभव को ज्यादा महत्त्व देना | (ii) स्वच्छंदतावाद |
| (c) चेतना को पदार्थ के अधीन मानना | (iii) आभिजात्यवाद |
| (d) व्यक्तिगत स्वातंत्र्य को विशेष महत्त्व देना | (iv) नव्यशास्त्रवाद |
| | (v) मार्क्सवाद |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (v) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (D) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |

**33.** निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके सम्पादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र | (i) आनंद कादम्बिनी |
| (b) धर्मवीर भारती | (ii) ब्राह्मण |
| (c) प्रतापनारायण मिश्र | (iii) धर्मयुग |
| (d) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' | (iv) बनारस अखबार |
| | (v) बालाबोधिनी |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (v) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |

**34.** निम्नलिखित काव्यकृतियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) भूरी भूरी खाक धूल | (i) कात्यायनी |
| (b) गंगातट | (ii) मुक्तिबोध |
| (c) स्त्री मेरे भीतर | (iii) ज्ञानेन्द्र पति |
| (d) इस पौरुषपूर्ण समय में | (iv) पवनकरण |
| | (v) उदयप्रकाश |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (C) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**35.** निम्नलिखित आलोचनात्मक पुस्तकों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) कविता के नये प्रतिमान | (i) रघुवंश |
| (b) आलोचना के मान | (ii) लक्ष्मीकांत वर्मा |
| (c) नई कविता के प्रतिमान | (iii) शिवदानसिंह चौहान |
| (d) साहित्य का नया परिप्रेक्ष्य | (iv) नामवर सिंह |
| | (v) बच्चन सिंह |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |
| (B) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

**36.** निम्नलिखित इतिहासग्रंथों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास | (i) हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (b) हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास | (ii) रामकुमार वर्मा |
| (c) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास | (iii) सुमन राजे |
| (d) हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास | (iv) बच्चन सिंह |
| | (v) नगेन्द्र |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |
| (B) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |

**37.** निम्नलिखित निबन्ध संग्रहों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) त्रिशंकु | (i) निर्मल वर्मा |
| (b) ठेले पर हिमालय | (ii) शिवप्रसाद सिंह |
| (c) कस्तूरी मृग | (iii) धर्मवीर भारती |
| (d) शब्द और स्मृति | (iv) अज्ञेय |
| | (v) कुबेरनाथ राय |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (B) | (i) | (v) | (iii) | (ii) |
| (C) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

www.sakshieducation.com

**38.** निम्नलिखित नाटककारों को उनकी नाट्यकृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) मीराकांत | (i) ठहरा हुआ पानी |
| (b) कुसुम कुमार | (ii) जो राम रचि राखा |
| (c) मृणाल पाण्डेय | (iii) ईहामृग |
| (d) शांति महरोत्रा | (iv) दिल्ली ऊँचा सुनती है |
| | (v) बिना दीवारों का घर |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |

**39.** निम्नलिखित काव्यशास्त्रियों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) आई.ए. रिचर्ड्स | (i) सेवन टाइप्स ऑफ एंबिगुइटी |
| (b) विलियम एम्पसन | (ii) गॉड विदाउट थंडर |
| (c) जॉन क्रो रैंसम | (iii) ऑन द लिमिट्स ऑफ पोएट्री |
| (d) एलेन टेट | (iv) द फिलॉसफी ऑफ रेटरिक |
| | (v) सेलेक्टेड एसेज़ |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (ii) | (v) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |

**40.** निम्नलिखित काव्यशास्त्रीय आचार्यों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) राजशेखर | (i) ध्वन्यालोकलोचन |
| (b) अभिनव गुप्त | (ii) सरस्वती कण्ठाभरण |
| (c) भोजराज | (iii) नाट्यदर्पण |
| (d) रामचन्द्र गुणचन्द्र | (iv) काव्य मीमांसा |
| | (v) रस तरंगिणी |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (v) |

**41.** **स्थापना (Assertion) (A)** : शाश्वत चेतनता जब श्रेय ज्ञान को मूल चारुत्व में ग्रहण करती है तब काव्य का सृजन होता है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि काव्य में सिर्फ श्रेय अपेक्षित है न कि चारुत्व ।

(A) (A) गलत (R) सही
(B) (A) सही (R) गलत
(C) (A) सही (R) सही
(D) (A) गलत (R) गलत

**42.** **स्थापना (Assertion) (A)** : रस स्थायीभाव से विलक्षण होता है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि रस स्मृति, अनुमान और लौकिक अनुभव से परे होता है ।

(A) (A) गलत (R) गलत
(B) (A) सही (R) गलत
(C) (A) सही (R) सही
(D) (A) गलत (R) सही

**43.** **स्थापना (Assertion) (A)** : क्षुद्र भावों के विरेचन द्वारा त्रासदी नैतिक प्रभाव उत्पन्न करती है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि नैतिक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए किसी भाव की जरूरत नहीं है ।

(A) (A) सही (R) सही
(B) (A) गलत (R) सही
(C) (A) सही (R) गलत
(D) (A) गलत (R) गलत

**44.** **स्थापना (Assertion) (A)** : रसात्मक वाक्य ही काव्य है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि हर वाक्य रसात्मक होता है, इसलिए वह काव्य कहलाने के योग्य होता है ।

(A) (A) गलत (R) सही
(B) (A) सही (R) सही
(C) (A) गलत (R) गलत
(D) (A) सही (R) गलत

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**45.** **स्थापना (Assertion) (A)** : ज्ञान राशि के संचित कोश को साहित्य कहते हैं ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि साहित्य में हृदय के लिए कोई जगह नहीं है ।

(A) (A) गलत (R) गलत

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही

**निर्देश** : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50** तक) के दिये गये बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।

भूमंडलीकरण के नाम पर अब साम्राज्यवादी व्यवस्था और इसकी उपभोक्तावादी संस्कृति को संसार के उन हिस्सों पर लादने का प्रयास कर रहा है जहाँ अभी तक पारंपरिक या गैर-पूँजीवादी व्यवस्थाएँ थीं । अपने हित की रक्षा में अपने चरित्र के कारण, पूँजीवाद कहीं भी अनियोजित विकास ही करता है । इससे क्षेत्रीय विषमताएँ उभरती हैं और जहाँ भी इसका पैर पड़ता है वहाँ सम्पन्नता और विपन्नता के समूहों का विभाजन होता है । इससे हर जगह आंचलिक या समूहों के बीच संघर्ष उभरते हैं । छोटी खेती और किसानों का अस्तित्व समाप्त होने लगता है और विशाल पैमाने पर बेरोजगारी फैलने लगती है । विशाल पूँजीवादी फार्मों का विकास होता है जिसमें नयी जैविक तकनीकों का बड़े पैमाने पर प्रयोग होता है और इससे संबद्ध बीज और रसायन उत्पादन करनेवाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों का विस्तार होता है । व्यापार के अन्तर्राष्ट्रीय पैमाने के साथ-साथ विनिमय की गति को तेज करना जरूरी होता है । इससे नये संचार माध्यमों का बड़े पैमाने पर विकास होता है । तत्काल इंटरनेट से ई-कामर्स की ओर संक्रमण इसी प्रक्रिया का परिणाम है । हालांकि, इससे यह भ्रम पैदा होता है कि संसार के लोग जुड़ रहे हैं और संसार एक 'वैश्विक गाँव' बन गया है, परंतु, वास्तव में इससे सिर्फ संसार का एक सम्पन्नवर्ग ही अपनी व्यापारिक या व्यावसायिक हितों के लिए एक-दूसरे से जुड़ता है । प्रत्येक क्षेत्र और देश में नये संचार माध्यमों से संसार से जुड़े समूह अपने ही आस-पास के बहुसंख्यक वंचित समूहों से पूरी तरह कट जाते हैं । संसार का एक नया विभाजन सूचना समृद्ध और सूचना से वंचितों के बीच होता है ।

**46.** भूमंडलीकरण किस प्रकार की संस्कृति को लादने का प्रयास करता है ?

(A) नस्लवादी संस्कृति

(B) कर्मवादी संस्कृति

(C) मानवतावादी संस्कृति

(D) उपभोक्तावादी संस्कृति

**47.** पूँजीवाद से किस प्रकार का विकास होता है ?

(A) सुनियोजित

(B) अनियोजित

(C) स्थानीय

(D) राष्ट्रीय

**48.** 'ई-कॉमर्स' के विकास की सुविधा सबसे ज्यादा होती है

(A) बहुराष्ट्रीय कम्पनी व्यवस्था में

(B) सामंतवादी व्यवस्था में

(C) समाजवादी व्यवस्था में

(D) लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में

**49.** बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विस्तार का संबंध है

(A) यथार्थवाद से

(B) साम्राज्यवाद से

(C) मार्क्सवाद से

(D) सामंतवाद से

**50.** सूचना-समृद्ध और सूचना-सेवा से वंचितों के बीच भेद किस कारण से खड़ा होता है ?

(A) स्थानीयकरण से

(B) राष्ट्रीयकरण से

(C) लोकतंत्रीकरण से

(D) भूमंडलीकरण से

www.sakshieducation.com

UGC - NET EXAM JUNE 2013 DATE OF EXAM :08/09/2013
KEYS - PAPER 2

www.sakshieducation.com

**Subject** (20 ) HINDI

| Qno | Answer |
|---|---|
| **1** | C |
| **2** | A |
| **3** | B |
| **4** | C |
| **5** | A |
| **6** | B |
| **7** | B |
| **8** | C |
| **9** | B |
| **10** | A |
| **11** | C |
| **12** | D |
| **13** | D |
| **14** | D |
| **15** | A |
| **16** | B |
| **17** | D |
| **18** | B |
| **19** | C |
| **20** | A |
| **21** | B |
| **22** | C |
| **23** | D |
| **24** | A |
| **25** | B |
| **26** | D |
| **27** | A |
| **28** | C |
| **29** | B |
| **30** | A |
| **31** | C |
| **32** | A |
| **33** | B |
| **34** | D |
| **35** | C |
| **36** | C |
| **37** | D |
| **38** | C |
| **39** | B |
| **40** | A |
| **41** | B |
| **42** | B |
| **43** | C |
| **44** | D |
| **45** | A |
| **46** | D |
| **47** | B |
| **48** | A |
| **49** | B |
| **50** | D |

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com